Accurate information on how to avoid HIV/AIDS is critical if people are to avoid the disease. Interpersonal communication can play an important role in deepening someone's understanding of the disease. Face-to-face communication with a health worker or clinic staff person can allow for questions and answers, resulting in better understanding.

Percent of Adults Who Had Received Interpersonal Communication on STDs or HIV/AIDS, India and Selected States, 2001

भारत और चयनित राज्यों में, एस टी डी अथवा एच आई वी/एड्स पर अर्न्तव्यैक्तिक संवाद द्वारा जानकारी प्राप्त करने वाले व्यस्कों का प्रतिशत, 2001



Behavioural Surveillance Survey 2001
व्यवहार निरीक्षण सर्वे, 2001

यदि लोग इस बीमारी से बचना चाहते हैं तो एच आई वी/एड्स पर स्पष्ट जानकारी, सोचनीय है। बीमारी के बारे में किसी की समझ बनाने में अर्न्तव्यैक्तिक संवाद की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता अथवा स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारी से आमने सामने किये प्रश्नोत्तर के परिणाम स्वरूप, लोगों में बेहतर समझ बनेगी।

Percent of Adults Who Had Received Interpersonal Communication on Condom Use for STD/HIV/AIDS Prevention India and Selected States, 2001

भारत और चयनित राज्यों में, कन्डोम के प्रयोग से एस टी डी/एच आई वी/एड्स पर रोक लगाने के लिए अर्न्तव्यैक्तिक संवाद द्वारा जानकारी प्राप्त करने वाले व्यस्कों का प्रतिशत, 2001



Behavioural Surveillance Survey 2001
व्यवहार निरीक्षण सर्वे, 2001

Overall, very few people, 14 percent, received any face-to-face communication on sexually transmitted diseases or HIV/AIDS. About 10 percent received any interpersonal communication on the role of condom use in preventing diseases. Statewise, Manipur and Gujarat performed better than other states in ensuring that people received face-to-face communication about these important issues.

कुल मिलाकर बहुत कम लोगों की, 14 प्रतिशत, यौन जनित बीमारियों या एच आई वी/एड्स पर आमने सामने बातचीत हुई। लगभग 10 प्रतिशत लोगों की कन्डोम की भूमिका पर अर्न्तव्यैक्तिक संवाद हुई। इन प्रमुख मुद्दों पर लोगों को आमने सामने संवाद कराने के मामले में, अन्य राज्यों की अपेक्षा, मणिपुर और गुजरात ने बेहतर काम किया।

Sexual relations with a single, uninfected partner is a highly effective way to prevent HIV infection. However, when sexual behavior does present risks, the role of the condom is important. Knowledge about the protective properties of the condom is far from universal in India. Three out of ten men were unaware of its value, as were about half of women. As with other aspects of HIV/AIDS prevention, awareness of the value of a high-quality condom is but a first step. One must also know where condoms can be obtained and be able to do so without incurring embarrassment or social stigma. For many men, even obtaining condoms without cost may be troublesome if the clinic staff is female.

एच आई वी संक्रमण रोकने का प्रभावपूर्ण तरीका है संक्रमण रहित एक ही यौन साथी। हालांकि जब जोखिमपूर्ण यौन सम्बन्धों का खतरा हो, तो कन्डोम का इस्तेमाल बहुत ही महत्वपूर्ण है। विश्वभर में कन्डोम के सुरक्षात्मक गुणों की जानकारी की अपेक्षा, भारत में कम जानकारी है। दस में से तीन पुरूष इसके गुणों से अपरिचित थे और आधी औरते इससे अपरिचित थीं। एच आई वी/एड्स की रोकथाम अन्य उपायों की अपेक्षा, कन्डोम के गुणों की जानकारी देना पहला कदम होगा। झिझक और सामाजिक कलंक की सोच के बिना, व्यक्ति को यह पता होना चाहिये कि इसकी उपलब्धता कहां से होगी। स्वास्थ्य केन्द्र में यदि महिला कर्मचारी हो तो, कई पुरूषों को, मुफ्त में कन्डोम लेना भी परेशान कर सकता है।

Percent of Males Who Know that Consistent Condom Use Can Prevent HIV, India, 2001

भारत में, कन्डोम के लगातार प्रयोग से एच आई वी से बचा जा सकता है, जानकारी रखने वाले पुरूषों का प्रतिशत, 2001



Behavioural Surveillance Survey 2001
व्यवहार निरीक्षण सर्वे, 2001

Percent of Females Who Know that Consistent Condom Use Can Prevent HIV, India, 2001

भारत में, कन्डोम के लगातार प्रयोग से एच आई वी से बचा जा सकता है, जानकारी रखने वाली महिलाओं का प्रतिशत, 2001



Behavioural Surveillance Survey 2001
व्यवहार निरीक्षण सर्वे, 2001

Percent of Females Who Know that Condom Use Can Prevent HIV
India and Selected States, 2001

भारत और चुने गये राज्यों में, कन्डोम के इस्तेमाल से एच आई वी से बचा सकता है
जानकारी रखने वाली महिलाओं का प्रतिशत, 2001



Behavioural Surveillance Survey 2001
व्यवहार निरीक्षण सर्वे, 2001

Among women, knowledge of the value of condom use varies considerably by state. Such knowledge ranged from three out of four women in states such as Himachal Pradesh and Punjab to one out of five or less in Bihar, Gujarat and West Bengal. Educating people about condoms and their benefits is important in preventing the spread of HIV/AIDS. Higher awareness among women may enable some to insist on condom use during higher-risk sexual encounters. Most women, however, are probably not in a position to negotiate condom use with their partners. In general, current preventive measures are inadequate for many women to protect themselves from HIV/AIDS.

महिलाओं में कन्डोम के गुणों की जानकारी राज्यवार अलग-अलग है। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश और पंजाब जैसे राज्य में चार में से तीन महिलाओं को थी तो, बिहार, गुजरात और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में पाँच में से एक महिला को जानकारी थी। एच आई वी/एड्स को बढने से रोकने के लिए लोगों में कन्डोम और उसके लाभ की जानकारी/शिक्षा जरूरी है। महिलाओं में अधिक जानकारी, उनको जोखिमपूर्ण यौन व्यवहारों के समय इसके प्रयोग में सक्षम बनायेगी। हालांकि, शायद कई महिलायें अपने साथियों के साथ कन्डोम तय करने की स्थिति में नहीं होती। सामान्यत: वर्तमान के सुरक्षात्मक उपाय कई महिलाओं को एच आई वी/एड्स से उन्हे बचाने के लिए पर्याप्त नहीं है।

The time it takes to obtain a condom can be an important factor influencing its use. Four out of five survey respondents had heard of the condom, but the time taken to obtain one can be an obstacle for many. About three out of ten adults reported that it would take more than 30 minutes to acquire a condom. Knowledge of the condom's value must be supplemented by a more accessible supply.

Percent of Adults Who Have Heard of the Condom and the Time Taken to Obtain One, India, 2001

भारत में, कन्डोम के बारे में जानकारी एवं एक कन्डोम को प्राप्त करने में लगने वाले समय की जानकारी वाले व्यस्कों का प्रतिशत, 2001



Behavioural Surveillance Survey 2001
व्यवहार निरीक्षण सर्वे 2001

एक कन्डोम को प्राप्त करने में लगने वाला समय हो सकता है इसके इस्तेमाल को प्रभावित करता हो। सर्वे के अनुसार पांच में से चार उत्तरदाओं ने कन्डोम के बारे सुना है, किन्तु इसको प्राप्त करने में लगने वाला समय, कईयों के लिए रूकावट हो सकता है। दस में से तीन व्यस्कों ने बताया, एक कन्डोम को प्राप्त करने में 30 मिनट से अधिक का समय लगता है। आसान पूर्ति द्वारा कन्डोम के महत्व की जानकारी को बढाया जा सकता है।

In addition to awareness of the condom's protective value, the realization that abstinence and a single, uninfected partner are effective means of prevention should be universal. One out of four males and one out of three females were not aware of the value of abstinence. About one-third of males and about half of females did not know that they could avoid HIV by sticking to a single, uninfected partner. Expanding the awareness of preventive measures is key in preventing the further spread of HIV/AIDS in India.

Percent of Adults Who Know Various Means of Avoiding HIV Infection, India, 2001

भारत में एच आई वी संक्रमण रोकने के तरीको के बारे में जानकारी रखने वाले व्यस्कों का प्रतिशत, 2001



Behavioural Surveillance Survey 2001
व्यवहार निरीक्षण सर्वे 2001

कन्डोम के सुरक्षात्मक लाभ की जानकारी के साथ-साथ संयम तथा संक्रमण रहित एक ही यौन साथी का एहसास भी रोकथाम का प्रभावपूर्ण तरीका है, ये सबको मालूम होना चाहिये। संयम के महत्व की जानकारी चार में एक पुरूष तथा तीन में एक महिला को नहीं थी। लगभग एक तिहाई पुरूष एवं आधी महिलायें नहीं जानती थीं कि संक्रमण रहित एक ही यौन साथी से सम्बन्ध बनाये रखकर, वे एच आई वी से बच सकते हैं। भारत में एच आई वी/एड्स के विस्तार को रोकने के लिए, जानकारी को बढाना एक मूल मंत्र है।

Risky sexual behaviour is a major cause of HIV infection globally, as it is in India. Nationally, almost 12 percent of males, ages 15-49, reported having had sex with non-regular partners in the 12 months prior to the BSS. This ranged from a very high 19.2 percent in Andhra Pradesh to a low of 3.8 percent in West Bengal. A major way HIV spreads today is clear: men who use the services of sex workers often carry infection to their regular partners.

Percent of Males Reporting Sex with any Non-regular Partner in the Past Year, India, 2001

भारत में, पिछले वर्ष अनियमित यौन साथी से यौन सम्बन्ध बनाया, बताने वाले पुरूषों का प्रतिशत, 2001



Behavioural Surveillance Survey 2001
व्यवहार निरीक्षण सर्वे, 2001

भारत में भी, विश्वभर की तरह, जोखिमपूर्ण यौन व्यवहार एच आई वी संक्रमण का मुख्य कारण है। राष्ट्रीय स्तर पर, बी एस एस से 12 माह पूर्व, 15-49 आयु वर्ग के लगभग 12 प्रतिशत पुरूषों ने अनियमित यौन साथियों से यौन सम्बन्ध करना बताया। यह आन्ध्र प्रदेश में 19.2 प्रतिशत तक अधिकतम और पश्चिम बंगाल में 3.8 प्रतिशत तक न्यूनतम था। आज एच आई वी संक्रमण का मुख्य कारण स्पष्ट है: वे पुरूष जो यौन कार्यकर्ताओं की सेवा लेते है अपने नियमित यौन साथी को संक्रमित करते है।

If men used a condom consistently and correctly during sex with non-regular partners, the chance that they would transfer HIV to their regular partner would be lower — but many don't. Only about half of men in India reported doing so. This may result from a lack of appreciation of a condom's protective value, the local shame incurred from buying one, the time taken to obtain one, or a lack of funds if no free supply is easily available.

Percent of Males Reporting Condom Use with Last Non-regular Partner in the Past Year, India, 2001

भारत में, पिछले वर्ष अन्तिम अनियमित यौन साथी से सम्बन्ध के समय कन्डोम का इस्तेमाल किया, बताने वाले पुरूषों का प्रतिशत, 2001



Behavioural Surveillance Survey 2001
व्यवहार निरीक्षण सर्वे, 2001

यदि पुरूष अनियमित यौन साथी से सम्बन्ध बनाते समय हमेशा सही ढंग से कन्डोम का प्रयोग करें, तो अपने नियमित यौन साथी को संक्रमण देने का खतरा कम हो जाता है, जो कि ज्यादातर लोग नहीं करते। केवल लगभग आधे पुरूषों ने बताया कि वे ऐसा करते है। पैसों की कमी से मुफ्त आपूर्ति आसानी से उपलब्ध न हो, प्राप्त करने में लगने वाला समय, खरीदने में आने वाली शर्म या कन्डोम के सुरक्षात्मक महत्व में कमी जैसे परिणाम होगें।

NACO has set a goal to establish a voluntary, confidential counseling and testing centre (VCCTC) in every district of India. Currently, however, few Indians know of a place where they can go to be tested — despite feeling that it is possible. Confidential testing is the key. The stigma associated with being tested serves as a major obstacle in the fight against HIV/AIDS. Those infected with HIV can receive treatment and live useful, productive and social lives.

Percent of Adults Saying Possible to Receive Confidential HIV Testing in Their Area and Knowing of Such a Facility India and Selected States, 2001

भारत और चयनित राज्यों में, अपने क्षेत्र में एच आई वी के गोपनीय जांच केन्द्र और ऐसी सुविधा जानते है बताने वाले वयस्क लोगों का प्रतिशत, 2001



Behavioural Surveillance Survey 2001
व्यवहार निरीक्षण सर्वे, 2001

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन ने भारत के प्रत्येक जिले में स्वैच्छिक, गोपनीय परामर्श और जांच केन्द्रों की स्थापना को लक्ष्य बनाया है। हालांकि वर्तमान में, यह जानने के बावजूद कि यह सम्भव है, कुछ भारतीय उन स्थानों के बारे में जानते हैं जहाँ वे जांच के लिए जा सकते हैं। जांच में गोपनीयता मुख्य है। जांच कराने से होने वाले कलंक की भावना एच आई वी/एड्स के खिलाफ लड़ाई में रूकावट है। जिनको एच आई वी का संक्रमण है, इलाज प्राप्त कर सकते हैं और महत्वपूर्ण, प्रभावूपर्ण एवं सामाजिक जीवन जी सकते हैं।

Knowing someone who has HIV/AIDS or who has died from the disease can act as a strong motivation to avoid it. This type of knowledge was highest in the states with the highest prevalence but quite low in other states. In states where personal experience with HIV is low, it can be expected that the disease will not be seen as a significant threat. It is also likely that the very socio-cultural stigma associated with the disease keeps knowledge of it from spreading. The result is a growing epidemic in an unsuspecting general population.

Percent of Adults Aware of Someone with HIV/AIDS or Who Died from AIDS, India and Selected States, 2001

भारत और चयनित राज्यों में उन वयस्कों का प्रतिशत जो जानते हैं कि कोई एच आई वी/एड्स से संक्रमित है या किसी की मृत्यु एड्स से हुई हैं, 2001



Behavioural Surveillance Survey 2001
व्यवहार निरीक्षण सर्वे, 2001

यह जानना कि किसी को एच आई वी/एड्स है या किसी की मृत्यु इस बीमारी से हुई है, एक मजबूत प्रेरक का काम करता है। अधिक संक्रमित राज्यों में इस जानकारी का स्तर अधिक था किन्तु अन्य राज्यों में कम था। जिन राज्यों में एच आई वी का व्यक्तिगत अनुभव कम है, वहाँ इस बीमारी को बड़ा खतरा नहीं मानना चाहिये। यह भी सम्भव है कि बीमारी से सम्बन्धित सामाजिक कलंक इसकी जानकारी को बढने से रोकता है। सामान्य जनसंख्या में परिणाम स्वरूप यह महामारी बढ़ रही है।

The clients of commercial sex workers are at risk of contracting HIV and spreading the disease to the general population. When these clients use drugs or alcohol, they are less likely to use condoms. In some cases, clients engage in additional higher-risk behaviours such as having sex with men without using a condom.

Many clients do not consistently use condoms with either sex workers or their wives. Overall, 57 percent reported consistent condom use with sex workers and about seven percent with their regular female partner. These figures varied by state, but in general, fewer than 20 percent reported condom use with their wife or regular partner.

Programmes promoting safer sexual behaviour are crucial and can be effective. An intervention programme in Sonagachi, Kolkata, for example, helped increased condom use from zero in 1992 to more than 70 percent in 1998. Although HIV was not entirely eliminated, fewer than five percent of commercial sex workers in Sonagachi have tested positive for HIV in recent years.

Percent of Clients of Female Sex Workers with Risky Behaviour, India and Selected States, 2001

भारत और चयनित राज्यों में, महिला यौन कार्यकर्ता के जोखिमपूर्ण व्यवहार करने वाले सुविधाप्राप्तकर्ताओं का प्रतिशत, 2001



Behavioural Surveillance Survey 2001
व्यवहार निरीक्षण सर्वे 2001

Percent of Clients of Female Sex Workers Reporting Consistent Condom Use and with Their Regular Female Partner, India and Selected States 2001

भारत और चयनित राज्यों में, अपने नियमित महिला और यौन कार्यकर्ता के साथ लगातार कन्डोम का प्रयोग करने की बात बताने वाले सुविधाप्राप्तकर्ताओं का प्रतिशत, 2001



Behavioural Surveillance Survey 2001
व्यवहार निरीक्षण सर्वे, 2001

व्यवसायिक यौन कार्यकर्ता के सुविधा प्राप्तकर्ताओं द्वारा एच आई वी संक्रमण प्राप्त कर सामान्य जनसंख्या में इस बीमारी को फैलाने की अधिक सम्भावना होती है। शराब अथवा नशीली दवाईयों के सेवन के पश्चात् कन्डोम का इस्तेमाल कम होता है। कभी-कभी, ये लोग, कन्डोम के बिना पुरूषों से ही यौन सम्बन्ध बनाने जैसे अतिरिक्त जोखिमपूर्ण व्यवहार भी करते है।

ज्यादातर लोग, न तो यौन कार्यकर्ता के साथ और न ही अपनी पत्नि के साथ, कन्डोम का प्रयोग करते हैं। कुल मिलाकर 57 प्रतिशत लोगों ने बताया कि वे यौन कार्यकर्ता से सम्बन्ध बनाते समय कन्डोम का लगातार प्रयोग करते है और लगभग सात प्रतिशत अपने नियमित साथी के साथ। राज्यवार ये आंकड़े अलग-अलग है किन्तु सामान्यत: 20 प्रतिशत से कम लोगों ने बताया कि वे अपने नियमित साथी अथवा पत्नि के साथ सम्बन्ध बनाते वक्त कन्डोम का प्रयोग करते हैं।

सुरक्षित यौन व्यवहार के कार्यक्रम जटिल हैं पर प्रभावपूर्ण बनाये जा सकते हैं। उदाहरण के लिए, सोनागाछी, कलकत्ता में चलायी गई विशेष परियोजना द्वारा, कन्डोम प्रयोग के 1992 में शून्य आंकडे से 1998 में 70 प्रतिशत से अधिक हो गया। हाल के वर्षो में, हांलाकि एच आई वी को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सका है और पांच प्रतिशत से भी कम व्यवसायिक यौन कार्यकर्ता सोनागाछी में संक्रमित पाई गई है।

If one does not feel threatened by HIV, the likelihood that proper precautions will be taken decreases. Relatively few clients of sex workers feel that they are at moderate or high risk of HIV. Yet, in some cities, more than half of sex workers are HIV positive. Until these clients understand their risk and use condoms 100 percent of the time, the disease will continue to spread.

Do Clients of Sex Workers Believe They Are Risking HIV?
India, 2001

क्या यौन कार्यकताओं के सुविधाप्राप्तकर्ता मानते है कि उनको एच आई वी का खतरा है? भारत, 2001



Behavioural Surveillance Survey 2001
व्यवहार निरीक्षण सर्वे 2001

यदि किसी को एच आई वी का डर नहीं है तो, सही देखभाल की सम्भावना कम हो जाती है। यद्यपि यौन कार्यकर्ता के कुछ ही सुविधाप्राप्तकर्ता मानते हैं कि उनको एच आई वी का मध्यम और अधिक खतरा है। फिर भी अभी, कुछ शहरों में, यौन कार्यकताओं के आधे से ज्यादा सुविधाप्राप्तकर्ता एच आई वी संक्रमित हैं। जब तक ये सुविधाप्राप्कर्ता अपने खतरे को समझ कर 100 प्रतिशत कन्डोम का प्रयोग नहीं करते, बीमारी लगातार बढती रहेगी।

Instituting widespread HIV/AIDS testing and counseling is a critical step in stopping its spread. Testing allows for counseling and treatment, which helps prevent an infected person from spreading HIV/AIDS to others. Despite its importance, few people have been tested, even among those at higher-risk of the disease such as the clients of sex workers. Only about one in ten clients has ever had a test for HIV. In most states, however, more than half of these men know that confidential testing is possible. Reducing the obstacles to testing, such as stigma and discrimination, is key.

Percent of Clients of Sex Workers Saying HIV Testing Is Possible and Who Actually Were Tested, India and Selected States, 2001

भारत और चयनित राज्यों में, एच आई वी जाँच सम्भव है और उनकी जाँच हुई, यह बताने वाले यौन कार्यकताओं के सुविधाप्राप्तकर्ताओं का प्रतिशत, 2001



Behavioural Surveillance Survey 2001
व्यवहार निरीक्षण सर्वे, 2001

एच आई वी/एड्स जांच और परामर्श की संस्थाओं की बीमारी को रोकने में अधिक भूमिका है। जाँच, उपचार एवं परामर्श, संक्रमित व्यक्ति द्वारा दूसरों को एच आई वी/एड्स संक्रमण से रोकने में सहायक है। बावजूद इसके, यौन कार्यकताओं के सुविधा प्राप्तकताओं जैसे अत्यधिक जोखिमपूर्ण व्यवहार वाले बहुत कम लोगों की जाँच हुई है। दस में से सिर्फ एक सुविधा प्राप्तकर्ता की एच आई वी हेतु जाँच हुई है। हालांकि, ज्यादातर राज्यों में, आधे से ज्यादा पुरूष इस बात को जानते हैं कि गोपनीय जाँच सम्भव है। कलंक और भेदभाव जैसी रूकावटों को कम करना बहुत जरूरी है।

First Phase

After the first cases of HIV were reported in 1986, India established a high-level National AIDS Committee. Despite this, a climate of denial prevailed in many states – "it can't happen here."

Second Phase

National AIDS Control Programme-I 1992-1999 (NACP-I)
Recognizing that HIV/AIDS had become a growing problem in India, the National AIDS Control Organisation (NACO) was established in 1992 as a part of NACP-I. NACO promoted HIV/AIDS awareness and, most importantly, set up state-level programmes to fight the disease. HIV interventions, however, remained largely a public health function. Testing for HIV prevalence at sentinel sites to measure the true extent of infection began in 1994.

National AIDS Control Programme-II 1999-2004 (NACP-II)
NACP-I established that HIV was, in fact, growing in India and would become an Africa-level epidemic if a sweeping national campaign were not begun. This phase involved empowering State AIDS Control Societies (SACS) and greater involvement of local organizations, such as NGOs, youth groups and local government (Panchayati Raj).

Testing at Sentinel Sites

In order to estimate the degree to which HIV/AIDS has spread in India, testing of high-risk groups at sentinel sites in suspected high prevalence areas began in 1994.

Number of HIV/AIDS Sentinel Testing Sites, 1998 - 2003



National AIDS Control Organisation

Prevalence among these groups, such as those being treated for STDs, sex workers, and needle-sharing drug users provided an "early warning" sign. In later years, more pregnant women in antenatal care centers, a low risk group, were tested to assess how far HIV had spread to the population as a whole.

The Behavioural Surveillance Survey

In 2001, the first of a series of surveys to measure attitudes and behaviours regarding HIV/AIDS was conducted. The 2001 National Baseline General Population Behavioural Surveillance Survey (BSS) found that a great deal of work remained to be done throughout India to raise levels of understanding of the disease. The survey interviewed members of the general population, sex workers and their clients, intravenous drug users, and men who have sex with men. Subsequent surveys will measure how much progress has been made and where problem areas remain.

प्रथम चरण

1986 में एच आई वी के प्रथम केस पाये जाने के बाद, भारत ने एक उच्च स्तरीय राष्ट्रीय एड्स कमेटी बनायी। इसके अलावा, कई राज्यों में नकारात्मक स्थिति पायी गयी- ''ऐसा यहाँ नहीं हो सकता''

द्वितीय चरण

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम-1
1992-1999 (एन ए सी पी-1)
भारत में एच आई वी/एड्स को, उभरती हुयी समस्या के रूप में मानते हुए, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) ने एस ए सी पी-1 को 1992 में एक भाग के रूप में स्थापित किया। नाको ने एच आई वी/एड्स की जानकारी को बढावा दिया और सबसे महत्वपूर्ण इस बीमारी से लड़ने के लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम तैयार किये। वस्तुत एच आई वी सम्बन्धी कार्य, ज्यादातर सामुदायिक स्वास्थ्य के कार्य बनकर रह गये। रक्षा केन्द्रों में एच आई वी संक्रमण स्तर की जाँच तथा संक्रमण के वास्तविक विस्तार का मापन 1994 से शुरू हुआ।

राष्ट्रीय एड्स कार्यक्रम-2
1999-2004 (एन ए सी पी-2)
एन ए सी पी-1 की स्थापना से यह पता चला कि एच आई वी भारत में तेजी से बढ रहा है। यदि राष्ट्रीय स्तर पर कोई अभियान नहीं शुरू किया गया तो यह भारत में भी अफ्रीका स्तर पर महामारी का रूप ले सकता है। इस में राज्य एड्स नियंत्रण समिति (एस ए सी एस) तथा बडे स्थानीय संगठनों को गठन शामिल किया गया जैसे-स्वंयसेवी संस्थायें, युवक समूह और स्थानीय सरकार (पंचायती राज्य)

रक्षा केन्द्रों में जाँच

भारत में एच आई वी/एड्स के विस्तार का अनुमान लगाने के लिए, सन्देहास्पद जोखिमपूर्ण क्षेत्रों में, अत्यधिक जोखिमपूर्ण समूहों की जांच हेतु 1994 में रक्षा केन्द्रों की शुरूआत की गयी। एस टी डी के उपचार किये गये रोगी, यौन कार्यकर्ता और सुई द्वारा नशा करने वाले समूह इनमें शामिल थे जिन्होंने शुरूआती खतरे का संकेत दिया। इसके बाद के वर्षो में, पूरी जनसंख्या में एच आई वी संक्रमण को मापने के लिए कम जोखिम वाले समूहों से, प्रसवपूर्व देखभाल केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं की जाँच की गयी।

एच आई वी/एड्स के रक्षा केन्द्रों की संख्या 1998-2003



राष्ट्रीय नियंत्रण एड्स संगठन

व्यवहारिक निरीक्षण सर्वे

2001 में एच आई वी/एड्स से सम्बन्धित व्यवहार को मापने के लिए सर्वे का प्रथम चरण शुरू किया गया। बी एस एस 2001 में पाया कि भारत भर में बीमारी की समझ के स्तर को बढ़ाये जाने का कार्य शेष है। सर्वे में सामान्य जनसंख्या, यौन कार्यकर्ता और उनके सुविधाप्राप्तकर्ता, नसो में सुई द्वारा नशा करने वाले और ऐसे पुरुष जो पुरुषों के साथ यौन सम्बन्ध बनाते हैं, का इन्टरव्यू लिया गया। इसके बाद के सर्वे द्वारा यह पता चलेगा कि किस क्षेत्र में समस्या है और उसमें कैसे सुधार किया जा सकता है।

Stigma

- The stigma attached to HIV/AIDS must be ended. Stigma is one the greatest obstacles in the campaign against the disease.
- Discrimination against HIV/AIDS victims takes many forms. Children are dismissed from school, women put out of the household and health care is denied.
- Misconceptions and baseless fears must be eliminated by a nationwide education programme in schools, health clinics and community groups.
- People must learn that HIV is not a contagious disease, save for the most intimate contact. Socializing and sharing meals with HIV/AIDS victims does not transmit the disease.

Voluntary Counseling and Testing

- Testing for HIV not only allows counseling and treatment of patients, but also helps ensure that the epidemic will not spread to their families and children.
- Counseling of youth – before they become sexually active —should be a priority.
- Training for HIV counselors is urgently needed.
- Accurate HIV information should be provided to clients at family planning clinics and integrated with information on the avoidance of both HIV and STDs.
- Counseling also encourages more open discussion on sensitive matters in communities and between partners.

Treatment, Care and Support

- HIV/AIDS patients can live useful lives if the disease is detected early enough – and they receive the needed drugs.
- Public policies are needed to support care of people living with HIV/AIDS, particularly the use of antiretroviral drugs. Such policies would also reduce the stigma of HIV, encouraging more widespread testing and treatment.
- Drugs should be provided free of charge given the expense to individuals.
- Treatment can also greatly reduce the risk of mother-to-child transmission.
- Testing centres should be designed so as to ensure complete confidentiality, encouraging people to come.

कलंक

- एच आई वी/एड्स जैसा कलंक खत्म होना चाहिए। बीमारी के खिलाफ अभियान में यह कलंक एक बहुत बड़ी बाधा है।
- एच आई वी/एड्स से ग्रसित व्यक्तियों के साथ अलग-अलग तरह का भेदभाव किया जाता है। बच्चों को स्कूल से निकाल दिया जाता है औरतों को घरों से निकाल दिया जाता है तथा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मना कर दिया जाता है।
- सामुदायिक बैठक, स्वास्थ्य केन्द्रों और स्कूलों में राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक कार्यक्रम चलाकर निराधार भय तथा भ्रान्तियों को दूर किया जा सकता है।
- लोगों को यह जानना जरूरी है कि एच आई वी छूने से फैलने वाली बीमारी नहीं है, शारीरिक सम्बन्धों से बचे। एच आई वी/एड्स पीडित व्यक्ति के साथ खाना खानें तथा सामाजिक सम्बन्ध बनाने से यह नहीं फैलता।

स्वैच्छिक परामर्श तथा जांच

- एच आई वी जाँच मरीज को सिर्फ परामर्श और उपचार ही नहीं बल्कि उनके परिवार एवं बच्चों में यह बीमारी नहीं फैलेगी यह सुनिश्चित करने में सहायता करता है।
- युवाओं में यौन सक्रियता से पहले परामर्श प्रदान करने को प्राथमिकता प्रदान की जा सकती है।
- एच आई वी परामर्शदाताओं के लिए प्रशिक्षण शीघ्र आवश्यक है।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सुविधा प्राप्त कर्ता को एच आई वी की सही जानकारी मिलनी चाहिए और एच आई वी तथा एस टी डी से बचाव की जानकारी को इसमें जोड़ देना चाहिए।
- समुदाय तथा साथियों में इस संवेदनशील विषय पर अधिक से अधिक चर्चा तथा परामर्श को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

उपचार देखभाल और सुरक्षा

- यदि इस बीमारी की जानकारी प्रथम अवस्था में हो जाये तथा आवश्यक दवाईयाँ प्राप्त की जा सकें तो एच आई वी/एड्स का मरीज उपयोगी जिन्दगी जी सकता है।
- एच आई वी/एड्स से ग्रसित लोगों के सहयोग के लिए जनहित योजनाओं की जरूरत है, विशेषकर ऐन्टी रेट्रोवायरल दवाइयों का इस्तेमाल। ऐसी योजनायें एच आई वी के कलंक को कम करेगी, अधिक लोग जाँच व निदान के लिए उत्साहित होगे।
- दवाईयाँ निशुल्क उपलब्ध करायी जा सकती है तथा व्यक्तिगत खर्च भी दिया जा सकता है।
- उपचार के द्वारा माँ से बच्चे को होने वाले संचारित जोखिम को कम किया जा सकता है।
- जाँच केन्द्रों को इस प्रकार बनाया जाय कि गोपनीयता बरकरार रहे तथा लोग आनें को उत्सुक हों।

AIDS	Acquired immuno-deficiency syndrome	एड्स	एक्वायर्ड इम्यूनों डेफिसियेन्सी सिंड्रोम
ANC	Antenatal clinic	एएनसी	प्रसवपूर्व देखभाल केन्द्र
ARV	Anti-retroviral drugs	एआरवी	एन्टी-रेट्रोवायरल ड्रग्स
BSS	Behavioural Surveillance Survey	बीएसएस	व्यवहार निरीक्षण सर्वे
CSW	Commercial sex worker	सीएसडब्ल्यू	व्यवसायिक यौन कार्यकर्ता
HIV	Human immuno-deficiency virus	एच आई वी	हयूमन इम्यूनों डेफिसियेन्सी वायरस
IDUs	Injecting (intravenous) drug users	आईयूडी	नसों पर सुई लगाकर नशा करने वाले
MSM	Men who have sex with men	एमएसएम	आदमी, जो आदमी के साथ यौन सम्बन्ध बनाये
NACO	National AIDS Control Organisation	नाको	राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन
NACP	National AIDS Control Programme	एनएसीपी	राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम
NFHS	National Family Health Survey	एनएफएचएस	राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे
PLWHA	People living with HIV/AIDS	पीएलडब्ल्यूएचए	एच आई वी, एड्स से ग्रसित लोग
SACS	State AIDS Control Society	एसएसीएस	राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी
STD	Sexually transmitted disease	एसटीडी	यौन संचारित रोग
STI	Sexually transmitted infection	एसटीआई	यौन संचारित संक्रमण
UNAIDS	Joint United Nations Programme on HIV/AIDS	यूएनएड्स	एच आई वी/एड्स पर संयुक्त राष्ट्र का संयुक्त कार्यक्रम
VCCTC	Voluntary confidential counseling and testing centre	वीसीसीटीसी	स्वैच्छिक गोपनीय परामर्श एवं परीक्षण केन्द्र
WHO	World Health Organization	डब्ल्यूएचओ	विश्व स्वास्थ्य संगठन

HIV Prevalence Levels and Officially Reported AIDS Cases
एच आई वी संक्रमण स्तर और आधिकारिक रूप से सूचित एड्स केस रक्षा केन्द्रों में एच आई वी

State/Union territory राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	Percent Testing Positive for HIV at Sentinel Sites, 2002 संक्रमित पाये गये लोगों का प्रतिशत, 2002 — Patients at sexually transmitted disease clinics यौन संचारित रोग केन्द्रों में मरीज	Pregnant women at antenatal clinics गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसवपूर्व देखभाल केन्द्र	Patients at intravenous drug users clinics सुई से नशा करने वाले लोगों की देखभाल के लिए केन्द्र	Officially reported AIDS cases (as of 3l Aug. 2003)* आधिकारिक रूप से सूचित केस (31 अगस्त 2003 तक)*	
Andhra Pradesh	30.4	1.3	—	4,339	आन्ध्र प्रदेश
Arunachal Pradesh	0.0	0.0	—	0	अरूणाचल प्रदेश
Assam	0.8	0.0	—	171	असम
Bihar	1.6	0.3	—	155	बिहार
Chhattisgarh	0.8	0.3	—	—	छत्तीसगढ़
Delhi	3.2	0.3	7.2	821	दिल्ली
Goa	11.3	1.4	—	308	गोवा
Gujarat	6.2	0.4	—	3,562	गुजरात
Haryana	1.1	0.4	—	313	हरियाणा
Himachal Pradesh	0.4	0.0	—	114	हिमाचल प्रदेश
Jammu & Kashmir	1.0	0.1	—	2	जम्मू और कश्मीर
Jharkhand	0.1	0.0	—	—	झारखण्ड
Karnataka	13.6	1.8	2.3	1,790	कर्नाटक
Kerala	2.5	0.4	—	267	केरल
Madhya Pradesh	2.4	0.0	—	1,024	मध्य प्रदेश
Maharashtra	7.8	1.0	39.4	11,829	महाराष्ट्र
Mumbai	14.8	0.8	39.4	2,595	मुम्बई
Manipur	9.6	1.1	39.1	1,238	मणिपुर

State/Union territory राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	Percent Testing Positive for HIV at Sentinel Sites, 2002 संक्रमित पाये गये लोगों का प्रतिशत, 2002 — Patients at sexually transmitted disease clinics यौन संचारित रोग केन्द्रों में मरीज	Pregnant women at antenatal clinics गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसवपूर्व देखभाल केन्द्र	Patients at intravenous drug users clinics सुई से नशा करने वाले लोगों की देखभाल के लिए केन्द्र	Officially reported AIDS cases (as of 3l Aug. 2003)* आधिकारिक रूप से सूचित केस (31 अगस्त 2003 तक)*	
Meghalaya	0.9	0.0	0.0	8	मेघालय
Mizoram	2.6	1.5	1.6	51	मिज़ोरम
Nagaland	2.4	1.3	10.3	343	नागालैण्ड
Orissa	0.8	0.3	—	128	उड़ीसा
Punjab	1.6	0.5	—	248	पंजाब
Rajasthan	6.0	0.5	—	826	राजस्थान
Sikkim	0.0	0.1	—	8	सिक्किम
Tamil Nadu	14.7	0.9	33.8	24,667	तमिलनाडु
Tripura	1.4	0.0	—	4	त्रिपुरा
Uttar Pradesh	0.8	0.3	—	1,083	उत्तर प्रदेश
Uttaranchal	0.3	0.2	—	—	उत्तरांचल
West Bengal	0.5	0.0	1.5	930	पश्चिम बंगाल
A & N Islands	2.6	0.0	—	32	ए एण्ड एन द्वीप समूह
Chandigarh	0.8	0.3	—	750	चंडीगढ़
D & N Haveli	—	1.0	—	0	डी एण्ड एन हवेली
Daman & Diu	—	0.2	—	1	दमन एण्ड दीयू
Lakshadweep	0.0	0.0	—	0	लक्ष्यद्वीप
Pondicherry	2.0	0.3	—	157	पाण्डिचेरी

Source: National AIDS Control Organisation

— not availabloe

*Experts believe these cases represent only a small portion of actual cases of AIDS in the country

स्त्रोत: राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन

— उपलब्ध नहीं

*विशेषज्ञों का मानना है कि यह आंकडे देश में पाये गये एड्स रोगियों की संख्या का एक छोटा सा हिस्सा भर प्रदर्शित करते है।

HIV/AIDS Awareness and Behaviour, 2001

एच आई वी/एड्स की जानकारी और व्यवहारण 2001

State राज्य	Ever heard of AIDS (%) एड्स के बारे में सुना (%)		Knows that an uninfected, faithful partner and consistent condom use can prevent HIV/AIDS (%) जानते है कि असंक्रमित, विश्वसनीय साथी और निरोध का लगातार प्रयोग एच आई वी/एड्स से बचा सकता है (%)		Knows that an infected pregnant woman can transmit HIV to her unborn child (%) जानते है कि संक्रमित गर्भवती माँ अपने अजन्म बच्चे को एच आई वी संचारित कर सकती है (%)		
	Male *पुरूष*	*Female* *महिला*	*Male* *पुरूष*	*Female* *महिला*	*Male* *पुरूष*	*Female* *महिला*	
India	82.4	70.0	55.5	38.3	71.2	63.1	भारत
Andhra Pradesh	95.1	97.4	53.4	47.9	81.3	87.4	आन्ध्र प्रदेश
Assam	74.5	60.8	23.4	11.5	63.1	54.3	असम
Bihar	53.7	26.9	33.7	14.2	43.0	25.2	बिहार
Delhi	90.6	85.9	76.6	64.3	78.1	75.7	दिल्ली
Goa	97.0	90.2	76.4	54.7	92.4	87.6	गोवा
Gujarat	74.3	37.5	64.0	17.7	61.1	30.8	गुजरात
Haryana	85.8	69.8	70.4	47.8	78.8	65.7	हरियाणा
Himachal Pradesh	91.5	89.6	73.3	65.8	83.6	83.8	हिमाचल प्रदेश
Jammu & Kashmir	87.6	75.4	73.1	46.8	80.5	72.6	जम्मू और कश्मीर
Karnataka	89.1	78.9	55.7	36.5	80.1	73.2	कर्नाटक
Kerala	99.2	98.7	60.8	63.0	84.7	89.7	केरल
Madhya Pradesh	69.0	42.9	44.0	28.7	59.4	38.8	मध्य प्रदेश
Maharashtra	86.6	77.3	52.3	36.1	78.1	70.6	महाराष्ट्र
Manipur	97.1	92.0	68.5	56.1	79.8	81.4	मणिपुर
Orissa	75.4	58.6	35.3	11.4	56.8	49.8	उड़ीसा
Other Northeastern	80.7	70.6	39.6	28.0	73.0	62.3	अन्य उत्तरपूर्व
Punjab	96.0	88.0	80.9	61.2	86.9	83.0	पंजाब
Rajasthan	74.6	52.5	52.9	30.5	61.7	46.5	राजस्थान
Sikkim	72.6	70.8	51.4	40.7	62.9	58.7	सिक्किम
Tamil Nadu	91.0	87.4	61.6	40.4	81.3	80.8	तमिलनाडु
Uttar Pradesh	66.9	34.9	46.8	21.5	52.9	30.3	उत्तर प्रदेश
West Bengal	66.2	50.1	27.3	13.6	48.4	36.9	पश्चिमी बंगाल

Source : Behavioural Surveillance Survey 2001
स्त्रोत: व्यवहार निरीक्षण सर्वे 2001

State राज्य	Had sex with a non-regular partner in the last 12 months (%) पिछले 12 महीनों में अनियमित यौन साथी से सम्बन्ध बनाया (%)		Reported condom use each time with all non-regular partners in the last 12 months (%) पिछले 12 महीनों में अनियमित यौन साथी से सम्बन्ध के समय कन्डोम प्रयोग किया (%)		Aware of any HIV/AIDS testing facility in their area (%) क्षेत्र के किसी एच आई वी जाँच केन्द्र के बारे में जानते है (%)		
	Male *पुरूष*	*Female* *महिला*	*Male* *पुरूष*	*Female* *महिला*	*Male* *पुरूष*	*Female* *महिला*	
India	11.8	2.0	33.6	26.6	13.0	7.8	भारत
Andhra Pradesh	19.2	7.4	25.9	22.2	15.4	10.0	आन्ध्र प्रदेश
Assam	9.8	1.8	17.4	15.1*	0.0	0.0	असम
Bihar	11.5	4.2	22.9	5.0	0.3	0.1	बिहार
Delhi	7.9	0.4	32.9	25.0*	21.1	14.9	दिल्ली
Goa	16.1	1.1	79.8	28.0*	8.6	5.8	गोवा
Gujarat	18.1	0.8	44.3	0.0*	13.6	3.4	गुजरात
Haryana	8.6	1.6	21.6	17.7*	16.5	10.3	हरियाणा
Himachal Pradesh	6.0	0.5	56.4	4.5*	22.5	12.5	हिमाचल प्रदेश
Jammu & Kashmir	12.5	2.6	34.7	30.5	18.7	9.0	जम्मू और कश्मीर
Karnataka	7.9	1.3	14.7	25.6*	17.9	4.7	कर्नाटक
Kerala	10.8	2.9	59.0	40.9	17.8	18.6	केरल
Madhya Pradesh	18.8	0.5	14.8	11.1*	19.1	4.9	मध्य प्रदेश
Maharashtra	15.0	7.3	62.6	54.8	13.3	8.6	महाराष्ट्र
Manipur	4.8	0.6	15.5	6.7*	8.8	7.0	मणिपुर
Orissa	5.2	0.4	10.7	0.0*	2.6	2.5	उड़ीसा
Other Northeastern	16.0	2.3	34.9	20.8	0.0	0.0	अन्य उत्तरपूर्व
Punjab	11.5	1.3	43.0	55.7*	40.9	26.7	पंजाब
Rajasthan	4.7	0.6	26.5	21.0*	13.7	8.6	राजस्थान
Sikkim	13.7	1.5	27.8	11.4*	0.1	0.0	सिक्किम
Tamil Nadu	6.6	0.7	27.5	41.2*	20.0	17.7	तमिलनाडु
Uttar Pradesh	8.3	0.4	15.9	50.1*	15.0	4.3	उत्तर प्रदेश
West Bengal	3.8	1.0	29.2	13.7*	1.1	0.4	पश्चिमी बंगाल

Source : Behavioural Surveillance Survey 2001 **Figure based on 25 or less respondents*
स्त्रोत: व्यवहार निरीक्षण सर्वे 2001 **25 या उससे कम उत्तरदाताओं में आकड़ों पर आधारित*

इस चार्टबुक की अतिरिक्त प्रतियों के लिए पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इण्डिया से निम्नलिखित पते पर सम्पर्क करें। फैक्टशीटों की 6 अत्यधिक संक्रमित राज्यों की श्रृंखला (आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मणिपुर, नागालैण्ड तथा तमिलनाडु) अंग्रेजी तथा राज्यों की भाषा में उपलब्ध हैं। यह प्रकाशन व्यक्तिगत तथा संगठनों को निशुल्क उपलब्ध हैं।

पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इण्डिया
बी-28, कुतब इन्स्टीट्यूशनल एरिया, तारा क्रैसेन्ट, नई दिल्ली-110 016
Telephone: 91-11-2686 7080 Fax: 91-11-2685 2766 e-mail: popfound@sify.com
www.popfound.org

पॉपुलेशन रेफेरेन्स ब्यूरो
1875 कनैक्टीकट एवेन्यू, नार्थवेस्ट, सूट 520, वाशिंगटन-डीसी 20009
Telephone: (202) 483-1100 Fax: (202) 328-3937 e-mail: popref@prb.org
www.prb.org

निधी बिल एण्ड मेलिन्डा गेट्स फॉउंडेशन के सौजन्य से प्राप्त हुई।

भारत में अजन्ता ऑफसेट एण्ड पैकेजिंग्स लिमिटेड, दिल्ली द्वारा मुद्रित। नवम्बर 2003

For additional copies of this chartbook, please contact the Population Foundation of India at the address below. A series of factsheets on the six hard-hit HIV/AID states (Andhra Pradesh, Karnataka, Maharashtra, Manipur, Nagaland and Tamil Nadu) is also available in English and the respective state language. These publications are free of charge to individuals and organisations.

Population Foundation of India
B-28, Qutab Institutional Area, Tara Crescent, New Delhi 110 016
Telephone: 91-11-2686 7080 Fax: 91-11-2685 2766 e-mail: popfound@sify.com
www.popfound.org

Population Reference Bureau
1875 Connecticut Ave., NW, Suite 520, Washington, DC 20009
Telephone: (202) 483-1100 Fax: (202) 328-3937 e-mail: popref@prb.org
www.prb.org

Funding was provided through the generosity of the Bill & Melinda Gates Foundation.

Printed in India at Ajanta Offset & Packagings Ltd., Delhi. November 2003.

HIV/AIDS in INDIA

भारत में एच आई वी/एड्स